ये अव्यक्त इशारे

जमा का खाता बढ़ाओ, बचत की स्कीम बनाओ

5-03-2023

यह संगमयुग जमा करने का युग है इसलिए अपने जमा के खाते चेक करो। चेकर भी बनो, मेकर भी बनो क्योंकि समय की समीपता के नज़ारे देख रहे हो और सभी का वायदा है कि हम समान बनेंगे। तो ब्रह्मा बाप के समान बनने के लिए जमा का खाता भरपूर चाहिए। अभी समय की बचत, संकल्पों की बचत, शक्ति के बचत की योजना बनाकर बिन्दी रूप की स्थिति को बढ़ाओ।

गुल्जार दादी जी द्वारा उच्चारित अनमोल रत्न-

मिट्टी के मटके को भी चारों तरफ देख करके लिया जाता है। तो क्या मैं तुमको ऐसे ही सरेण्डर करा दूँगा? पहले कुछ करो तो सही, मरो तो सही। जीते जी मरना तो पड़ेगा ना! सहन करना पड़ेगा, शक्ति रूप बनना पड़ेगा, यह तो करना ही होगा। तब हमारे में वो शक्ति भरेगी फिर जीते जी मरना बहुत अच्छा और मीठा लगेगा। लेकिन जिसके संस्कार टक्कर खाते होंगे वह कहेंगे गलती कर ली, पता नहीं किसके संग में आ गई, मर तो गई लेकिन है बड़ा मुश्किल। सरेण्डर का फाइल तो बन गया, लेकिन है बड़ा मुश्किल! अभी घर भी नहीं जा सकती, शादी भी नहीं कर सकती और सेन्टर पर चल भी नहीं सकती, अभी कहाँ जाऊं... तो व्यर्थ संकल्प चलेंगे ना।